# अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश

1. सभी अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र के साथ दिए गए COVID-19 संबंधी निर्देशों और सलाह को ध्यान से पढ़ने और डाउनलोड करने तथा उनका सख्ती से पालन करने की आवश्यकता है।
2. प्रवेश पत्र अनंतिम है, विवरणिका/सूचना विज्ञप्ति में दी गई पात्रता शर्तों को पूरा करने के अधीन है।
3. COVID-19 के लिए एहतियात के तौर पर, अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र में दिए गए रिपोर्टिंग/केंद्र में प्रवेश के लिए निर्धारित समयानुसार ही केंद्र पर पहुंचना चाहिए।
4. गेट बंद होने के निर्धारित समय के उपरांत किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।
5. परीक्षा समाप्त होने से पहले किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष / हॉल छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
6. परीक्षा पूरी होने पर, कृपया निरीक्षक के निर्देशों की प्रतीक्षा करें और निर्देश दिए जाने तक अपनी सीट से न उठें। एक समय में केवल एक ही अभ्यर्थी को बाहर जाने की अनुमति होगी।
7. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा से एक दिन पूर्व ही परीक्षा स्थल के स्थान को सत्यापित कर लें, ताकि परीक्षा के दिन उन्हें किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े।
8. यदि धर्म/रीति-रिवाजों के लिए आपको विशिष्ट पोशाक पहनने की आवश्यकता है, तो कृपया पूरी तरह से जांच और अनिवार्य तलाशी के लिए केंद्र पर जल्दी जाएं।
9. किसी भी अभ्यर्थी को बिना प्रवेश पत्र और स्व-घोषणा (उत्तरदायित्व), वैध ID प्रूफ और उचित तलाशी के बिना परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।
10. अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल में केवल निम्नलिखित वस्तुओं को अपने साथ ले जाने की अनुमति होगी:
    a) **व्यक्तिगत, पानी की पारदर्शी बोतल,**
    b) **व्यक्तिगत हैंड सैनिटाइज़र (50 मिली)**
    c) **एक साधारण पारदर्शी बॉल प्वाइंट पेन**
    d) **NTA वेबसाइट से डाउनलोड किए गए स्व-घोषणा (उत्तरदायित्व) के साथ प्रवेश पत्र (A4 आकार के कागज पर एक स्पष्ट प्रिंटआउट) विधिवत भरा हुआ।**
    e) **उपस्थिति पत्रक पर चिपकाने के लिए अतिरिक्त पासपोर्ट आकार का फोटो**
    f) **मूल वैध ID प्रमाण**
    g) **मास्क और दस्ताने**
11. केंद्र पर पहुंचने से पहले, अभ्यर्थियों को स्व-घोषणा (उत्तरदायित्व) में आवश्यक विवरण सुपाठ्य लिखावट में दर्ज करना होगा, फोटोग्राफ चिपकाना होगा और प्रवेश पत्र में निर्धारित स्थान पर ही अंगूठे का निशान लगाना होगा। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके बाएं हाथ के अंगूठे का निशान स्पष्ट है और धुंधला नहीं है।
12. अभ्यर्थी को मूल और वैध फोटो पहचान प्रमाण में से कोई एक - **स्कूल** ID **कार्ड / पैन कार्ड / पासपोर्ट / आधार कार्ड (फोटो के साथ) / ई-आधार / राशन कार्ड / फोटो के साथ आधार नामांकन संख्या** ले जाना चाहिए। अन्य सभी ID/ID की

फोटोकॉपी भले ही मोबाइल फोन में **ID** की सत्यापित/स्कैन की गई फोटो को वैध **ID** प्रूफ नहीं माना जाएगा।

**13.** अभ्यर्थियों को इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, मोबाइल फोन सहित किसी भी अन्य व्यक्तिगत सामान को परीक्षा केंद्र में ले जाने की अनुमति नहीं है। परीक्षा अधिकारी, अभ्यर्थियों के निजी सामान को सुरक्षित रखने के प्रति उत्तरदायी नहीं होंगे और न ही ऐसी कोई सुविधा होगी।

**14.** मोटे तलवों वाले जूते और बड़े बटन वाले कपड़ों की अनुमति नहीं है।

**15.** हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर (HHMD) के माध्यम से बिना किसी स्पर्श के तलाशी ली जाएगी।

**16.** परीक्षा हॉल/कक्ष में रफ कार्य के लिए खाली पेपर शीट उपलब्ध कराई जाएंगी। अभ्यर्थियों को अपना नाम और रोल नंबर प्रत्येक शीट के शीर्ष पर लिखना चाहिए और परीक्षा हॉल/कक्ष छोड़ने से पहले, बिना किसी चूक के निर्दिष्ट ड्रॉप बॉक्स में उस शीट को रख देना चाहिए। ऐसा करने में की गई चूक के परिणामस्वरूप आपके उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जा सकता है।

**17.** विधिवत भरा हुआ प्रवेश पत्र परीक्षा हॉल/कक्ष से बाहर निकलते समय निर्धारित ड्रॉप बॉक्स में डालना चाहिए। ऐसा न करने पर आपके उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जा सकता है।

**18.** किसी भी अभ्यर्थी को, कोई अनुचित साधन नहीं अपनाना चाहिए या किसी भी अनुचित परीक्षा-पद्धति में शामिल नहीं होना चाहिए। सभी परीक्षा केंद्र CCTV की निगरानी में हैं और जैमर से युक्त हैं।

**19.** यदि किसी भी स्तर पर, यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी ने कई आवेदन जमा किए हैं, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और NTA द्वारा आयोजित भविष्य की सभी परीक्षाओं से बहिष्कृत करने सहित कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

**20.** अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे NTA की वेबसाइट www.nta.ac.in , https://yet.nta.ac.in पर नियमित रूप से अपडेट देखते रहें। उन्हें परीक्षा के संबंध में नवीनतम अपडेट और जानकारी के लिए अपने पंजीकृत ई-मेल पते पर अपने मेलबॉक्स की जांच करनी चाहिए और अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त SMS को देखना चाहिए।

**21.** किसी भी स्पष्टीकरण/सहायता के लिए आप NTA को yet@nta.ac.in पर ई-मेल कर सकते हैं या हेल्पलाइन नंबर 011 4075 9000, 011 6922 7700 पर कॉल कर सकते हैं।

# अभ्यर्थियों के लिए COVID-19 से संबंधित सलाह

अभ्यर्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए NTA, COVID-19 के वर्तमान परिदृश्य में भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार शारीरिक दूरी के उपायों को लागू करेगा। परीक्षा के संचालन में उच्च मानकों, पवित्रता और निष्पक्षता से समझौता किए बिना, सभी की सुरक्षा के लिए पर्याप्त उपाय लागू किए गए हैं। अभ्यर्थियों को अपने स्वयं के और साथी अभ्यर्थियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए शारीरिक दूरी और स्वच्छता के लिए दिशानिर्देशों और प्रक्रियाओं का पालन करना भी आवश्यक है।

सुरक्षा उद्देश्यों के लिए, NTA अभ्यर्थियों को अनुमत वस्तुओं के अलावा कुछ भी नहीं लाने की, दृढ़ता से सलाह देता है। तथापि, अपरिहार्य स्थिति में, केंद्र में ऐसी व्यवस्था की जाएगी कि अभ्यर्थी अपना बैग, अपने जोखिम पर रख सकेंगे।

## केंद्र पर तैयारी

1. सुरक्षा सावधानियों को लागू करने और स्वच्छता के आवश्यक मानक बनाए रखने के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं को लागू किया जाएगा। परीक्षा शुरू होने से पहले मॉनिटर की-बोर्ड, माउस, वेबकैम, डेस्क और कुर्सी समेत बैठने की जगह को पूरी तरह से सेनेटाइज किया जाएगा। सभी दरवाज़े के हैंडल, सीढ़ी की रेलिंग, लिफ्ट के बटन आदि को कीटाणुरहित किया जाएगा।
2. भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार 2 सीटों के बीच का अंतर बनाए रखा जाएगा।
3. अभ्यर्थियों और केंद्र के कर्मचारियों के उपयोग के लिए विभिन्न स्थानों पर प्रवेश और परीक्षा स्थल के अंदर हैंड सैनिटाइज़र उपलब्ध होगा।
4. अभ्यर्थियों के शरीर के तापमान की जांच के लिए थर्मो गन का इस्तेमाल किया जाएगा।
5. प्रवेश पत्र के बार कोड को स्कैन करने के लिए प्रवेश स्थल पर बार कोड रीडर का उपयोग किया जाएगा। इसी जगह पर अभ्यर्थियों को कमरा/हॉल नंबर सूचित किया जाएगा।
6. सभी डेस्कों पर रफ शीट्स, परीक्षा शुरू होने से पहले स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए दस्ताने पहने हुए निरीक्षकों द्वारा रखी जाएंगी।
7. यह सुनिश्चित किया जाता है कि शारीरिक दूरी के मानदंडों को सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रक्रियाएं अधिकतम संभव सीमा तक स्पर्श मुक्त हों।
8. अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि प्रवेश के समय केंद्र में किसी भी भीड़ से बचने और शारीरिक दूरी बनाए रखने के लिए प्रवेश पत्र में दिए गए रिपोर्टिंग/प्रवेश समय के अनुसार केंद्र पर पहुंचें।

## परीक्षा पूर्व तैयारी

1. अभ्यर्थी प्रवेश पत्र में दिए गए केंद्र पर रिपोर्टिंग/प्रवेश समय की जांच करें और प्रवेश के समय केंद्र में किसी भी भीड़ से बचने और शारीरिक दूरी बनाए रखने के लिए केवल रिपोर्टिंग समय के अनुसार ही केंद्र पर पहुंचें।
2. अभ्यर्थी को निर्देशानुसार प्रवेश पत्र और उत्तरदायित्व पूरी तरह और ठीक से भरना चाहिए।
3. अभ्यर्थियों को केवल कुछ वस्तुओं को अपने साथ परीक्षा स्थल पर ले जाने की अनुमति होगी।

**प्रवेश के समय**

1. अभ्यर्थियों को हर समय एक दूसरे से कम से कम 6 फीट की दूरी बनाए रखनी होगी। केंद्र के बाहर कतार प्रबंधक / रस्सियों और तल के निशान की व्यवस्था की जाएगी।
2. किसी भी स्थिति में किसी एक स्थान पर भीड़भाड़ से बचने के लिए लैब नंबर केंद्र के बाहर प्रदर्शित नहीं किया जाएगा।
3. अभ्यर्थियों को केंद्र में प्रवेश करने से पहले साबुन और/या हैंड सैनिटाइज़र से हाथ धोकर साफ करना होगा। केंद्र में विभिन्न स्थानों पर हैंड सैनिटाइजर उपलब्ध रहेगा।
4. अभ्यर्थी को विधिवत भरा हुआ प्रवेश पत्र और वचन पत्र निर्देशानुसार लाना चाहिए।
5. परीक्षा केंद्र पर निषिद्ध वस्तुएं न लाएं क्योंकि आपके सामान को सुरक्षित रखने के लिए कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं है।
6. प्रवेश के समय, प्रवेश पत्र और शरीर के तापमान (थर्मो गन का उपयोग करके) से जुड़ी भरी हुई जानकारी की जांच की जाएगी और केंद्र के कर्मचारी संपर्क मुक्त तलाशी और दस्तावेज़ सत्यापन के बाद आपको आपकी प्रयोगशाला की सूचना देंगें। यदि शरीर का तापमान COVID-19 मानदंडों से अधिक है, तो अभ्यर्थी को एक अलग कमरे में परीक्षा देनी होगी। अभ्यर्थियों को केंद्र के कर्मचारियों द्वारा दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन करना आवश्यक है।
7. कृपया ध्यान दें कि किसी को भी परीक्षा में बैठने की अनुमति से वंचित नहीं किया जाएगा, जब तक कि वह परीक्षा के दिन लागू सरकार (केंद्र/राज्य) के COVID-19 निर्देशों/सलाह और प्रवेश पत्र में उल्लिखित निर्देशों का उल्लंघन नहीं करता है।

**परीक्षा के दौरान**

1. अभ्यर्थी को प्रवेश से पहले एक नया 3 प्लाई मास्क दिया जाएगा। परीक्षा में किसी भी UFM के इस्तेमाल की संभावना को रोकने के लिए, अभ्यर्थी से केंद्र में प्रदान किया गया स्वच्छ मास्क पहनने की उम्मीद की जाती है। अभ्यर्थी से अनुरोध किया जाएगा कि वे घर से पहने गए मास्क को हटा दें और परीक्षा कक्ष में, केंद्र में उपलब्ध कराए गए मास्क का ही उपयोग करें।
2. रफ कार्य के लिए अभ्यर्थी द्वारा उपयोग किए जाने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी के डेस्क पर A4 आकार के कोरे कागज़ रखे जाएंगे। यदि रफ कार्य के लिए अभ्यर्थी को अतिरिक्त कागज़ की आवश्यकता होगी, तो मांगे जाने पर वह उपलब्ध कराया जाएगा।
3. परीक्षण शुरू होने से पहले, मॉनिटर कीबोर्ड, माउस, वेब कैमरा, डेस्क और कुर्सी सहित बैठने की जगह को पूरी तरह से साफ किया जाएगा। परीक्षार्थी इन्हें, परीक्षा प्रयोगशाला/कक्ष/हॉल में उपलब्ध कराए जाने वाले सैनिटाइजर से आगे भी सैनिटाइज कर सकते हैं।
4. अभ्यर्थियों को सेनिटाइजर से हाथ साफ करने के बाद पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाना और उपस्थिति पत्रक पर हस्ताक्षर करना आवश्यक है।

**परीक्षा के बाद**

1. परीक्षण के पूरा होने पर, एक समय में एक अभ्यर्थी को व्यवस्थित तरीके से बाहर जाने की अनुमति दी जाएगी। कृपया निरीक्षक के निर्देश की प्रतीक्षा करें और सलाह दिए जाने तक अपनी सीट से न उठें।
2. अभ्यर्थी को परीक्षा हॉल/कक्ष से बाहर निकलते समय ड्रॉप बॉक्स के बगल में मौज़ूद कर्मचारियों को प्रदर्शित करने के बाद ड्रॉप बॉक्स में प्रवेश पत्र और रफ शीट को छोड़ना होगा। यदि कोई अभ्यर्थी प्रवेश पत्र या रफ शीट को बॉक्स में छोड़ने से चूक जाता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई (जिसमें परीक्षा से अयोग्यता भी शामिल है) की जा सकती है।